बिहार सरकार

ऊर्जा विभाग

पत्रांक– प्र0 / BSP(H)CL-04/2017 पटना, दिनांक–

प्रेषक,

प्रत्यय अमृत,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
ऊर्जा विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए आयोग द्वारा निर्धारित ए0 टी0 एण्ड सी0 लॉस से अधिक अनुमानित ए0टी0 एण्ड सी लॉस के कारण राज्य सरकार द्वारा बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के दोनो वितरण कम्पनियों को अनुमानित वित्तीय हानि की राशि की भरपाई हेतु अप्रैल 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए 123.00 करोड़ (एक सौ तेईस करोड़) रूपये प्रतिमाह की दर से एन0टी0पी0सी0 लि0 को भुगतान हेतु बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड को पूँजीगत निवेश (Equity) के मद में कुल 1476.00 करोड़ रूपये की स्वीकृत राशि के विरूद्ध माह मार्च 2018 के लिए कुल 123.00 करोड़ (एक सौ तेईस करोड़) रूपये वित्तीय वर्ष 2017–18 में बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड को भुगतान करने हेतु आवंटन की स्वीकृति।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विभागीय राज्यादेश संख्या–2766 दिनांक–05.09.2017 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए आयोग द्वारा निर्धारित ए0 टी0 एण्ड सी0 लॉस से अधिक अनुमानित ए0टी0 एण्ड सी लॉस के कारण राज्य सरकार द्वारा बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के दोनो वितरण कम्पनियों को अनुमानित वित्तीय हानि की राशि की भरपाई हेतु अप्रैल 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए 123.00 करोड़ (एक सौ तेईस करोड़) रूपये प्रतिमाह की दर से एन0टी0पी0सी0 लि0 को भुगतान हेतु बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड को पूँजीगत निवेश (Equity) के मद में कुल 1476.00 करोड़ रूपये की स्वीकृत राशि के विरूद्ध माह मार्च 2018 के लिए कुल 123.00 करोड़ (एक सौ तेईस करोड़) रूपये वित्तीय वर्ष 2017–18 में बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड को भुगतान करने हेतु आवंटन स्वीकृत एवं विमुक्त किया जाता है।

2. यह राशि बजट मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय– उप मुख्य शीर्ष–05–संचरण तथा वितरण, लघु शीर्ष–190 सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश उपशीर्ष–0111– बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड की परियोजना, विपत्र कोड 10– 4801051900111, मांग सं0– 10, विषय शीर्ष– 54.01– निवेश के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

आवंटन की स्थिति निम्न प्रकार है :–

बजट उपबंध	पूर्व में आवंटित राशि	वर्त्तमान में आवंटित राशि	कुल आवंटित राशि	बजट उपबंध की शेष राशि
15761053000.00	13995000000.00	1230000000.00	15225000000.00	536053000.00

3. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से की जाएगी।

4. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक 2561 दिनांक 17.04.98 के आलोक में निर्गत किया जाता है तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी से अनुरोध है कि राशि की निकासी के पूर्व सारी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद ही इस राशि की निकासी करेंगे। यह राशि उस मद में कुल उपबंधित राशि के अधीन है।

5. आवंटित राशि की निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि के साथ संबंधित इकाई के कोड संख्या का भी उल्लेख करेंगे तथा विपत्र पर चिन्हित राशि बजट उपबन्ध के अन्तर्गत होने का प्रमाण–पत्र भी अंकित करेंगे।

6. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर इसका भुगतान भारतीय बैंक, सचिवालय शाखा सिंचाई भवन, पटना के द्वारा बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड को भारतीय बैंक, सचिवालय शाखा सिंचाई भवन, पटना के चालू खाता सं0–10839114909 एवं आई0एफ0सी0 कोड SBIN–0000153 में आर0टी0जी0एस0/इलेक्ट्रॉनिक ट्रान्सफर के द्वारा की जायेगी।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(प्रत्यय अमृत)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक– प्र0/BSP(H)CL-04/2017 **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक– प्र0/BSP(H)CL-04/2017 28 **पटना, दिनांक–** 16/03/2018

प्रतिलिपि– संयुक्त सचिव, ऊर्जा विभाग/आई0 टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग/लेखा शाखा (तीन प्रतियों में), ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना/विभागीय बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/बजट शाखा, वित्त विभाग पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के प्रधान सचिव।

E:\vipul\allotment letter 2017-18\September 2017